CLASS NOTE
STD 10
VICTERS CHANNEL
HINDI online class
No :22
09/12/2020 इकाई 03
पाठ का नाम
ठाकुर का कुआँ

by: ANANDAKRISHNAN EDACHERI

HST HINDI GHS MUNNAD

- -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखे

1 प्रेमचंद के बारे में आप क्या जानते हैं?

उत्तर: प्रेमचंद हिंदी के कथा सम्राट माने जाते हैं। उनकी अधिकांश रचनाएँ सामाजिक हैं।

2 ठाकुर का कुआँ नामक कहानी के प्रमुख पात्र कौन कौन है?

उत्तर : जोखू और गंगी। दोनों पति-पत्नी है।

3 गाँव के दो कुएँ किनके हैं?

उत्तर : गाँव में दो कुएँ हैं । एक ठाकुर का और दूसरा साहू का।

4 गाँव के कुओं से गंगी पानी नहीं ले सकती है । क्यों

उत्तर : गाँव के अन्य दो कुँएँ ऊंची जाति के लोगों के हैं। निम्न जाति की स्त्री होने के कारण गंगी वहाँ से पानी नहीं ले सकती है।

5 गंगी रात को पानी लेने के लिए निकल पड़ी। कहाँ से पानी लेने के लिए?

उत्तर : ठाकुर के कुएँ से ।

6 : गंगी ने घड़ा और रस्सी हाथ में उठाकर क्या किया?

उत्तर : वह झुककर चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई।

7 : महंगू को क्या हुआ था?

महंगू को ठाकुर ने इतना मारा था कि वह महीनों लहू थूकता रहा।

8 : ठाकुर ने बेचारे महंगू को क्यों मारा ?

उत्तर : इसका कारण यह है कि महंगू ने बेगार न दी थी।

9 "इसपर ये लोग ऊँचे बनते हैं "। इससे क्या मतलब है?

उत्तर : इसका मतलब यह है कि नीच कर्म करने वाले कभी ऊंचा नहीं बन जाएगा।

10 : गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली। कब?

उत्तर : ठाकुर के दरवाज़े पर कुछ लोग बातें कर रहे थे। वे लौट गये। ठाकुर भी दरवाज़ा बंद कर अंदर सोने गए। गंगी को कुएँ से पानी लेने का अवसर सामने आया। उस समय गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली।

11 गंगी दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढ़ी, विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले न हुआ था। गंगी को ऐसा अनुभव क्यों हुआ होगा?

उत्तर : ठाकुर के दरवाजे पर कुछ लोग बैठे थे दो स्त्रियाँ भी पानी लेने के लिए आई थी। वे सब वापस गये। ठाकुर भी सोने के लिए अंदर गये। गंगी को पानी लेने के लिए अब कोई बाधा नहीं थी ।आज जीवन में पहली बार ठाकुर के कुऍं से पानी लेने का अवसर मिल गया। ऐसा अवसर गगी को पहले नहीं मिला था इसलिए उसे ,यह विजय का पहला अनुभव प्रतीत हुआ।।

12 आशय समझकर सही मिलान करें।

1) किसी की आहट सुनकर - - कि उन्हें आराम का अवसर नहीं।
2) गॉव की दो स्त्रियाँ --- सोने जा रहे थे।

3) स्त्रियाँ कह रही थी - - - कुएँ की जगत पर चढी।
4) ठाकुर दरवाज़ा बंद करके --- गंगी भयभीत हो गई।
5) गंगी पानी लेने के लिए दबे पॉंव - - - पानी लेने आई थी।

उत्तर

1) किसी की आहट सुनकर गंगी भयभीत हो गई।

2) गाँव की दोस्त्रियाँ पानी लेने आई थी।

3) स्त्रियाँ कह रही थी कि उन्हें आराम का अवसर नहीं।

4) ठाकुर दरवाजा बंद करके सोने जा रहे थे।

5) गंगी पानी लेने के लिए दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढी।

13 कठिन शब्दार्थ

आहट - കാലൊച്ച

धक धक करना - ഹൃദയമിടിക്കുക (പാഠഭാഗത്തിൽ ഭയപ്പെടുക എന്ന് അർത്ഥം)

छाती- നെഞ്ച്, മാറിടം

गजब-विपदा ,ആപത്ത്

लात- കാല് കൊണ്ടുള്ള ചവിട്ട്, തൊഴി

घड़ा - കുടം

रस्सी - കയർ

साया--ഛായ, നിഴൽ, തണൽ

बेगार - बिना मज़दूरी के कराया जानेवाला काम, കൂലിയില്ലാത്ത ജോലി

लहू थूकना--- രക്തം തുപ്പുക

हुक्म--- आज्ञा

ताज़ा --- പുതിയ

आराम --- വിശ്രമം

मरद - - - - मर्द, पुरुष

जलन --- അസൂയ

लौडी - - - दासी

एहसान ---കടപ്പാട്

मुँह सीधा न होना --- तृप्त न होना

==========================